भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3855
दिनांक 16.07.2019/25 आषाढ़, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

**एससी/एसटी एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराध**

**†3855. श्री एस॰ वेंकटेशनः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या यह सच है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के कानूनों के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा महिलाओं के विरुद्ध किए जाने वाले अपराध के ब्यौरे राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा रिकॉर्ड में नहीं रखे जाते हैं; और**
**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, नहीं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं दोनों के विरूद्ध होने वाले अपराधों से संबंधित डेटा को भारतीय दंड संहिता और विशेष एवं स्थानीय कानूनों के तहत एकत्र और प्रकाशित करता है।

(ख): उपर्युक्त (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****